# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Website- https://vyapamcg.cgstate.gov.in

क्रमांक/व्यापम/परीक्षा एफ–20/2026/2041 रायपुर, दिनांक 14/5/26

**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर के अंतर्गत प्रयोगशाला परिचारक पदों की लिखित भर्ती परीक्षा (PSLA26) के आयोजन के सम्बंध में विज्ञप्ति**

छ.ग. व्यापम, नवा रायपुर द्वारा सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) का पत्र क्र./8726/स्था/छ.ग.प.सं.मं./2024/नवा रायपुर, दिनांक 31.12.2024 द्वारा प्राप्त प्रस्ताव एवं पत्र क्र./1505/स्था/छ.ग.प.सं.मं./2026/नवा रायपुर, दिनांक 11.05.2026 द्वारा ऑनलाइन आवेदन के प्रारूप पर प्राप्त अनुमोदन के आधार पर प्रयोगशाला परिचारक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा (PSLA26) के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु संभावित परीक्षा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | – | 14.05.2026 (गुरूवार) |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | – | 08.06.2026 (सोमवार) सायं 5:00 बजे तक |
| 3. | त्रुटि सुधार | – | 09.06.2026 से 11.06.2026, सायं 5:00 बजे तक |
| 4. | **परीक्षा की संभावित तिथि** | – | 26.07.2026 (रविवार) |
| 5. | **परीक्षा का समय** | – | पूर्वान्ह 10:00 से 12:15 बजे तक |
| 6. | व्यापम वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की संभावित तिथि | – | 20.07. 2026 (सोमवार) |
| 7. | परीक्षा केन्द्र | – | 05 संभागीय मुख्यालयों में |

अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से किया जावेगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी, जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं, उनका परीक्षा शुल्क व्यापम द्वारा वापस कर दिया जावेगा । परीक्षा शुल्क उसी बैंक खाता में वापस किया जावेगा, जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है ।

**विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।**

14/5/2026

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

14.5.26

छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल
Email add- hocecb@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.    /स्था./छ.ग.प.सं.म./2026                                          रायपुर, दिनांक   /  /

# //विज्ञापन//

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में प्रयोगशाला परिचारक के रिक्त पदो पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति करने के लिये ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावयायिक परीक्षा मंडल, नवा रायपुर की वेबसाईट https://vyapamcg.cgstate.gov.in पर आमंत्रित किये जायेंगे। विज्ञापन के संबंध में अधिक जानकारी के लिये आप छत्तीसगढ़ व्यावयायिक परीक्षा मंडल, नवा रायपुर के वेबसाईट https://vyapamcg.cgstate.gov.in का अवलोकन करें।

| क्र | पदनाम | वेतनमान | श्रेणी | सीधी भर्ती के रिक्त पद | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल रिक्त पद | संवर्ग | कुल रिक्तयों की संख्या | कुल रिक्तियों में छ.ग. के स्थानीय निवासी महिला हेतु | कुल रिक्तियों में छ.ग. के स्थानीय निवासी भू.पू.सै. हेतु | कुल रिक्तियों में छ.ग. के स्थानीय निवासी दिव्यांगजनों हेतु | न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा | शैक्षणिक योग्यता |
| 1 | प्रयोगशाला परिचारक | वेतन मैट्रिक्स लेवल 3 | चतुर्थ | 17 | अनारक्षित | 07 | 02 | 01 | 01 | न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों/प्रावधानों के अनुसार होगी। | माध्यमिक शिक्षा मण्डल से विज्ञान विषय के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण। |
| | | | | | अनु.ज.जा. | 06 | 01 | 01 | | | |
| | | | | | अ.जा. | 02 | 0 | 0 | | | |
| | | | | | अ.पि.व. | 02 | 0 | 0 | | | |

नोट :- **AAV** – तेजाब हमला पीड़ित, **OA** – एक हाथ से निःशक्त, **OL** – एक पैर से निःशक्त, **HH** – कम एवं उंचा सुनना, **DW** – बौनापन, **BL** – दोनो पैर से निःशक्त, **LC** – कुष्ठ रोग से मुक्ति।

उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिये की जाने वाली चयन प्रक्रियाएँ माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होंगी।

**महत्वपूर्ण :–** यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी, कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तो को पूरा करते है। अतः आवेदन प्रस्तुत करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेंजे। परीक्षा में सम्मिलित किए जाने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि, आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर, उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जाएगी।

**आयु सीमा :–**

1. उम्मीदवार की न्यूनतम आयु दिनांक 01/01/2026 को विज्ञापन के अनुसार एवं अधिकतम आयु राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों/प्रावधानों के अनुसार होगी। छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व., महिला, विधवा, परित्यक्ता आदि को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट नियमानुसार प्राप्त होगी। आयु संबंधी प्रमाण के लिये हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी का प्रमाण–पत्र/अंकसूची एवं समस्त शैक्षणिक अर्हता हेतु अभिप्रमाणित शैक्षणिक प्रमाण पत्र की प्रति दस्तावेज परीक्षण के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

2. **नियम एवं शर्ते :–**

   1. आवेदक को छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है।
   2. चयनित उम्मीदवारों को तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि (वित्त निर्देश 33/2023 दिनांक 12/09/2023) में रखा जावेगा।
   3. आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या कम अथवा अधिक की जा सकती है।
   4. महिलाओं को नियमानुसार हारिजान्टल आरक्षण दिया जावेगा। किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पद रिक्त रह जाता है तो ऐसे पद अग्रणीत नहीं किये जायेंगे। वरन उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवार द्वारा भरे जा सकेंगे जिस प्रवर्ग के लिये आरक्षित है।
   5. भूतपूर्व सैनिकों एवं दिव्यांगजनों को नियमानुसार आरक्षण प्रदान होगा। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने वाले दिव्यांगजनों को ही आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा।
   6. उपरोक्त पदों पर चयन के समय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ के जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र मूल में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
   7. आवेदन करने की तिथि को आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है।
   8. आवेदन भरने के संबंध में आवश्यक सावधानी बरते। बाद में अभ्यर्थी के द्वारा जन्म तिथि, श्रेणी, वर्ग इत्यादि में परिवर्तन संभव नहीं होगा।
   9. आवेदक को पद के लिये निर्धारित की गई शैक्षणिक योग्यता एवं शर्तों की पूर्ति करना आवश्यक है। आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर परीक्षा/चयन के किसी भी स्तर पर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी।
   10. संबंधित पद के लिये वांछित शैक्षणिक आर्हता संबंधी मूल प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रमाण पत्र चयन के समय विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
   11. जन्मतिथि की सत्यता हेतु जन्म प्रमाण–पत्र अथवा हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अंकसूची दस्तावेज परीक्षण के समय प्रस्तुत करना होगा ।
   12. ऐसे अभ्यर्थी जो, शासकीय अथवा अर्ध्दशासकीय संस्था में सेवारत है उन्हें अपने नियोक्ता/विभाग प्रमुख के उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनुमति/अनापत्ति प्रमाण–पत्र नियुक्ति के पूर्व प्रस्तुत करना होगा ।
   13. कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा।
   14. **व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित रहेगा। मेरिट के आधार पर चयन/नियुक्ति की प्रकिया विभाग द्वारा की जायेगी।**

3. चयन प्रक्रिया

1. उपरोक्त रिक्त पदों पर चयन हेतु एक लिखित परीक्षा, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, नवा रायपुर (छ.ग.) द्वारा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जाएगी, और उक्त सूची के अनुसार छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा दस्तावेज परीक्षण पश्चात् नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा। उपरोक्त पदों पर प्रावीण्य सूची के साथ ही प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जो अधिकतम एक वर्ष के लिए वैध होगी।
2. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जाएगी, जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
3. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर को होगा।
4. चयनित उम्मीद्वार को पुलिस सत्यापन कराने तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही सेवा में लिया जाएगा ।
5. अनुशासन एवं नियंत्रण छत्तीसगढ़ सिविल सेंवा आचरण नियम 1965 के अध्यधीन होंगे तथा नियुक्त कर्मचारी नियोक्ता के नियंत्रण में कार्य करेंगे।
6. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति है अतएव नियुक्ति के शर्तो के अनुसार किसी भी समय, सेवा समाप्ति की जा सकती है।
7. चयनित कर्मचारी की सेवायें या तो कर्मचारी द्वारा नियुक्त अधिकारी को या नियुक्त द्वारा कर्मचारी को एक माह की पूर्व सूचना देकर या एक माह का वेतन भुगतान कर किसी भी समय समाप्त की जा सकेगी।
8. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर को होगा।
9. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति तीन वर्ष परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी।
10. चयन प्रक्रिया के संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर का निर्णय अंतिम एवं बन्धनकारी होगा।

4. **नियुक्ति हेतु चयन विधि**

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा बहुविकल्प आधार पर आयोजित की जाएगी। पद अनुसार परीक्षा का विवरण निम्नानुसार है :-

- प्रयोगशाला परिचारक – कुल अंक 100, कुल प्रश्न 100

**भाग – 1 सामान्य अध्ययन** – 30 प्रश्न, 30 अंक

**भाग – 2 सामान्य विज्ञान**

**(अ)** वनस्पति विज्ञान – 10 प्रश्न, 10 अंक
**(ब)** जन्तु विज्ञान – 10 प्रश्न, 10 अंक
**(स)** रसायन – 30 प्रश्न, 30 अंक
**(द)** भौतिकी – 20 प्रश्न, 20 अंक

परीक्षा पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन की विधि, परीक्षा शुल्क भुगतान की विधि तथा परीक्षा संचालन संबंधी नियम छत्तीसगढ़ व्यावयायिक परीक्षा मंडल, नवा रायपुर के वेबसाईट https://vyapamcg.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है ।

**सदस्य सचिव**
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर
Member Secretary
C.G. Environment Conservation Board
RAIPUR